# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 01/भण्डार/2016

भोपाल, दिनांकः 24-12-2016

## खान-पान व्यवस्था (केटरिंग) हेतु निविदा वर्ष 2016-17

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में जिसमें कि 50 से 1000 प्रतिभागी रहते है के "खान-पान व्यवस्था (केटरिंग) हेतु निविदा - वर्ष 2016-17" हेतु आन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्ते, विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेब साईट https://www.mpeproc.gov.in पर लाग-आन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 500-00 तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 25,000-00 हैं। इन्हे आन-लाईन जमा किया जाना हैं ।

निविदा का कुल मूल्य लगभग रूपये 12,00,000-00 हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:-

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 28-12-2016 | 11-00 AM |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 11-01-2017 | 04-00 PM |
| 03 | निविदा फार्म आन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 11-01-2017 | 05-00 PM |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि (निविदा फार्म तथा सुरक्षा निधि राशि लिफाफा-ए) | 12-01-2017 | 03-30 PM |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 12-01-2017 | 04-30 PM |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 13-01-2017 | 03-30 PM |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब-साईट www.bubhopal.nic.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**खान–पान व्यवस्था (केटरिंग) हेतु निविदा – वर्ष 2016–17**

## भाग – 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र https://www.mpeproc.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब–साईट www.bubhopal.nic.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा उत्सव, दीक्षांत समारोह, सेमीनार, कानफ्रेन्स, खेल प्रतियोगिताओं आदि में खान–पान व्यवस्था (केटरिंग) हेतु आमंत्रित की जा रही हैं।

1.3 खान–पान व्यवस्था (केटरिंग) हेतु निविदा को वेब–साईट https://www.mpeproc.gov.in पर आन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 12,00,000–00 हैं।

1.4 निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैः–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 28–12–2016 | 11–00 AM |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 11–01–2017 | 04–00 PM |
| 03 | निविदा फार्म आन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 11–01–2017 | 05–00 PM |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि<br>(निविदा फार्म तथा सुरक्षा निधि राशि लिफाफा–ए) | 12–01–2017 | 03–30 PM |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 12–01–2017 | 04–30 PM |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 13–01–2017 | 03–30 PM |

1.5 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3–30 पर खोली जाएगी।

1.6 <u>प्रक्रिया–1</u>: (क) निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 500==00 (रूपये पॉच सौ मात्र) हैं तथा सुरक्षा निधि रूपये 25,000==00 (रूपये पच्चीस हजार मात्र) हैं। इन्हे आन लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।
उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।

1.7 <u>प्रक्रिया–2</u> : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनिकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।

1.8 <u>प्रक्रिया–3</u> : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को आन–लाईन प्रस्तुत किया जाना हैं।

## भाग – 2
## तकनीकी निविदा की
## अर्हकारी शर्तें

2.1 संस्था द्वारा पिछले पांच वित्त वर्षों (2015–16, 2014–15, 2013–14, 2012–13, 2011–12) में से कम से कम तीन वर्षों में मान्यता प्राप्त संस्था हेतु खान–पान व्यवस्था (केटरिंग) का कार्य किया हो । सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें।

2.2 पिछले तीन वित्त वर्षों (2015–16, 2014–15, 2013–14) में से किन्ही दो वर्षों में न्यूनतम 20 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। फर्म की पिछले दो वर्षों का टर्न ओव्हर की चार्टेड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि अपलोड करें।

2.3 निविदाकर्ता फर्म को सर्विस टैक्स के लिए सक्षम अधिकारी से पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। छाया प्रति अपलोड करें।

2.4 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 100=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करें। (निविदा में दिए प्रारूप अनुसार)

2.5 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जावेगा।**

2.6 निविदा के साथ निम्नांकित दरतावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:–
(क) वैध एस0टी0 (TIN) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।
(ख) आयकर (PAN) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।
(ग) वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (नगर निगम का) की छाया प्रति संलग्न करें।
(घ) सर्विस टैक्स के प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.7 इनकम टैक्स के पिछले तीन ऐसेसमेंन्ट वर्ष 2016–17, 2015–16, 2014–15 का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की छाया प्रति अपलोड करें।

2.8 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 500=00 वापसी योग्य नहीं हैं।

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर सुरक्षा निधि राशि को जब्त किया जा सकेगा।

3.2 पात्र पाई गयी संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.3 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 3 वर्ष तक (एक बार में एक वर्ष) के लिए बढ़ाया भी जा सकता हैं।

3.4 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

3.5 खाद्य सामग्री सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.6 खाद्य सामग्री बनाने एवं परोसने में नियोजित कारीगर एवं वेटरों को श्रम नियमों के अन्तर्गत् न्यूनतम वेतन अधिनियम के अधीन वेतन देने तथा ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 एक्ट, कान्ट्रेक्ट लेबर एक्ट के प्रावधानों (इनमें से जो भी लागू हो) के अनुपालन में समस्त जिम्मेदारी केटरिंग फर्म की होगी। खाद्य सामग्री बनाने एवं परोसने में बाल श्रमिकों को नियोजित नहीं किया जाएगा।

3.7 फर्म द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदाय किये जाने वाले भोजन हेतु उच्च गुणवत्ता के अनाज, दाले, ताजी सब्जियां, डबल रिफाईन्ड तेल, ब्राडेंड एगमार्ग मसाले एवं मिलावट रहित डेयरी प्रोडक्ट्स – दही, दूध, पनीर, मावा, शुद्ध घी, क्रीम आदि गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का उपयोग किया जायेगा।

3.8 यदि केटरिंग फर्म द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदाय की गई खाद्य सामग्री को व्यक्तियों द्वारा खाने के पश्चात फूड पाईजनिंग होती है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व केटरिंग फर्म का होगा।

3.9 विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में बफे, ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर आदि में भोजन परोसने हेतु हॉट केस, क्राकरी, कटलरी, पेपर नेपकिन, आई0एस0आई0 पेकड वाटर, डिस्पोजल प्लेट, कटोरी, ग्लास, चम्मच तथा आवश्यक संख्या में वर्दीधारी वेटरों की व्यवस्था फर्म द्वारा की जायेगी। वित्तीय निविदा में उपरोक्त व्यय को जोड़कर दर अंकित की जावे।

3.10 केटरिंग फर्म द्वारा निर्धारित समय पर खाद्य सामग्री ताजी एवं गर्म परोसी जायेगी।

3.11 पैक्ड लंच/डिनर के लिए लेमीनेटेड एल्यूमिनियम फाइल युक्त कार्ड डिब्बे का उपयोग किया जाएगा। चावल, सब्जी, दाल, रायता एवं स्वीट डिश पैक करने के लिए प्लास्टिक की डिस्पोजल ढक्कन सहित कटोरी का उपयोग किया जाएगा। सलाद एवं अचार प्लास्टिक के जिप युक्त थैली में पैक की जाएगी। रोटी/पराठा को अच्छी क्वालिटी की एल्यूमिनियम फाइल में रोल करके पैक किया जाएगा। प्रत्येक डिब्बे में एक डिस्पोजेबल चम्मच रखी जायेगी। प्रत्येक डिब्बे को रबर बैण्ड से बन्द करना होगा साथ ही रबर के साथ दो पेपर नैपकिन लगे रहना चाहिए। प्रत्येक पैकेट को बन्द करने के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि खाद्य सामग्री का रिसाव न हो। पैक्ड आयटम उपरोक्त मानक अनुसार नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान से यथोचित कटौति की जाएगी।

3.12 पैक्ड ब्रेकफास्ट के लिए एल्यूमिनियम फाइल युक्त कार्डबोर्ड के डिब्बे का उपयोग किया जाएगा। ढोकला/वेज सैंडविच को प्लास्टिक के पाउच में पैक किया जाएगा। प्रत्येक डिब्बे में एक डिस्पोजल चम्मच रखी जायेगी। डिब्बे में सामग्री रखने के बाद प्रत्येक डिब्बे के उपर पेपर नैपकिन रखकर रबर बैण्ड से बन्द किया जायेगा। उपरोक्त वर्णित पैकिंग मटेरियल उत्तम होना आवश्यक है।

3.13 पैक्ड ब्रेकफास्ट लंच/डिनर के लिए विवरण अनुसार पैकिंग चार्ज को जोड़कर वित्तीय निविदा में दर अंकित की जावे।

3.14 केटरिंग व्यवस्था के लिए केन्द्र/राज्य शासन एवं स्थानीय निकायों द्वारा समय-समय पर अधिरोपित टैक्स एवं ड्यूटीज का भुगतान समय पर अनिवार्य रूप से करने का उत्तरदायित्व केटरिंग फर्म का होगा। फर्म के देयक से नियमानुसार टैक्स की कटौति विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी।

3.15 खाद्य सामग्री गुणवत्ता युक्त प्रदाय नहीं करने पर देयक में से 2% से 10% की कटौती की जावेगी। (दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

3.16 खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सन्तोषजनक होने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री की गुणवत्ता उचित न होने पर निविदादाता को उनके व्यय पर वापस की जाएगी तथा देयक से वापस की गई सामग्री की राशि की कटौति की जाएगी।

3.17 खाद्य सामग्री प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

3.18 दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र में देवें।

3.19 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि राशि लौटा दी जावेगी।

3.20 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.21 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग के निविदाकर्ता सीलबन्द निविदा के ऊपर एवं निविदा प्रपत्र के ऊपर स्पष्ट रूप से वर्ग अंकित करे एवं अपने विशेष पंजीयन की प्रतिलिपि अवश्य लगाए।

3.22 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.23 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

3.24 कार्य आदेश की मात्रा को देखते हुए फर्म के अनुरोध पर विश्वविद्यालय परिसर में खाद्य सामग्री बनाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। भोजन बनाने के उपयोग में आने वाले बर्तन, ईंधन आदि की व्यवस्था निविदाकर्ता को स्वयं करना होगा। खाद्य सामग्री बनाने में व्यवसायिक गैस सिलेण्डर का उपयोग करना होगा। बिजली विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जावेगी।

3.25 निविदाकर्ता द्वारा फूड सेफ्टी नार्मस का पालन करना होगा।

3.26 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.27 निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का होगा।

3.28 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

## भाग – 4
## खाद्य सामग्री का विवरण

खाद्य सामग्री का विवरण निम्नानुसार है:–

| सं0क्र0 | खाद्य सामग्री का विवरण |
|---|---|
| 01 | चाय 150 एम0एल0 |
| 02 | काफी 150 एम0एल0 |
| 03 | बिस्कुट (मीठा/नमकीन ) (50 ग्राम) कोई एक |
| 04 | **ब्रेकफास्ट (बफे)**<br>1–समोसा/कचौड़ी/आलूबड़ा/पेटीस/ब्रेड पकोड़ा – (75 ग्राम) कोई एक<br>2–ढोकला/पोहा/भजिया/दाल के मंगोड़े/वेज सेण्डविच – (100 ग्राम) कोई एक<br>3–जलेबी/बालूशाही/लड्डू बूंदी – (50 ग्राम) कोई एक<br>4–केला (01 नग)<br>5–पेक्ड वाटर (आई0एस0आई0) 250 एम0एल0 बॉटल (01 नग)<br>**टीप:– उपरोक्त आयटम की संख्या आवश्यकतानुसार होगी।** |
| 05 | **ब्रेकफास्ट (पेक्ड)**<br>1–समोसा/कचौड़ी/आलूबड़ा/पेटीस/ब्रेड पकोड़ा – (75 ग्राम) कोई एक<br>2–ढोकला/पोहा/भजिया/दाल के मंगोड़े/वेज सेण्डविच – (100 ग्राम) कोई एक<br>3–जलेबी/बालूशाही/लड्डू बूंदी – (50 ग्राम) कोई एक<br>4–केला (01 नग)<br>5–पेक्ड वाटर (आई0एस0आई0) 250 एम0एल0 बॉटल (01 नग) |
| 06 | **लंच/डिनर (बफे)**<br>1–रोटी (तवा/तन्दूरी) – (50 ग्राम प्रत्येक) कोई एक<br>2–पूड़ी (सादा/नमकीन) – (25 ग्राम प्रत्येक) कोई एक<br>3–चावल (सादा/पुलाव) – (100 ग्राम) कोई एक<br>4–सलाद (कम से कम चार आयटम)<br>5–अचार (15 ग्राम)<br>6–पापड़ (01 नग)<br>7–रायता/दही बड़ा – (100 एम0एल0) कोई एक<br>8–पनीर (मटर पनीर/पालक पनीर/ पनीर बटर मसाला) – (100 ग्राम) कोई एक<br>9–मिक्स वेज / सीजलन वेज – (100 ग्राम) कोई एक<br>10–दाल फ्राई / दाल मखनी – (100 ग्राम) कोई एक<br>11–गुलाब जामुन / रसगुल्ला/गाजर का हलवा / मूंग का हलवा – (100 ग्राम) कोई एक<br>12– पेक्ड वाटर (आई0एस0आई0) 250 एम0एल0 बॉटल (01 नग)<br>**टीप:– उपरोक्त आयटम की संख्या आवश्यकतानुसार होगी।** |
| 07 | **लंच/डिनर (पेक्ड)**<br>1–रोटी तवा(02 नग)/पराठा (02 नग) – (50 ग्राम प्रत्येक) कोई एक<br>2–पूड़ी (सादा/नमकीन) (04 नग) – (25 ग्राम प्रत्येक) कोई एक<br>3–चावल (सादा/पुलाव) – (100 ग्राम) कोई एक<br>4–सलाद (कम से कम तीन आयटम)<br>5–अचार (15 ग्राम)<br>6–पापड़ (01 नग)<br>7–रायता/दही बड़ा – (100 एम0एल0) कोई एक<br>8–पनीर (मटर पनीर/पालक पनीर/ पनीर बटर मसाला) – (100 ग्राम) कोई एक<br>9–मिक्स वेज / सीजनल वेज – (100 ग्राम) कोई एक<br>10–दाल फ्राई / दाल मखनी – (100 ग्राम) कोई एक |

| | |
|---|---|
| | 11-गुलाब जामुन /रसगुल्ला/ गाजर का हलवा / मूंग का हलवा – (100 ग्राम) कोई एक<br>12- पेक्ड वाटर (आई0एस0आई0) 250 एम0एल0 बॉटल (01 नग) |
| 08 | **<u>लंच बफे/डिनर हेतु अतिरिक्त खाद्य सामग्री (विशेष आदेश पर)</u>**<br>1-सूप टोमेटो / हॉट एण्ड सावर – (100 एम0एल0) कोई एक<br>2-मलाई कोफ्ता / हरियाली कोफ्ता/वेज कोफ्ता/कढ़ी पकोड़ा –(100 ग्राम) कोई एक<br>3-आईसक्रीम वनीला (100 एम0एल0)<br>4-पैक्ड कोल्डड्रिंक / मैंगों जूस – (200 एम0एल0) कोई एक<br>**टीपः- उपरोक्त आयटम की संख्या आवश्यकतानुसार होगी।** |
| 09 | **<u>सादा भोजन (खेल स्पर्धाएँ, राष्ट्रीय सेवा योजना, संगोष्ठि जैसे अवसरों के लिए) का विवरण</u>**<br>1-ब्रेक फास्ट – पोहा (100ग्राम) अथवा सीकी ब्रेड (02 नग), चाय (150 एम0एल0)<br>2-लंच-तवा रोटी (50 ग्राम), दाल (100 ग्राम), सूखी सब्जी(100 ग्राम), मौसमी सलाद(कोई चार आयटम), चावल (100 ग्राम)<br>3-दोपहर की चाय-01 (150 एम0एल0)<br>4-डिनर-सादा पूड़ी (50ग्राम), एक रसेदार सब्जी(100 ग्राम), मौसमी सलाद(कोई चार आयटम)<br>**टीपः- उपरोक्त आयटम की संख्या आवश्यकतानुसार होगी।** |

**निम्नानुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।**

| सं0 क्र0 | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 500=00 आन लाईन जमा की रसीद। |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 25,000-00 आन लाईन जमा की रसीद |
| 03 | संस्था का ब्लेक लिस्टेड नहीं होने का नोटरी से सत्यापित रू0 100=00 का शपथ पत्र (निविदा में दिए प्रारूप अनुसार) |
| 04 | प्रपत्र ए-1 ( निविदा प्रपत्र) |
| 05 | संस्था द्वारा पिछले पांच वित्त वर्ष (2015-16, 2014-15, 2013-14, 2012-13, 2011-12) में कम से कम तीन वर्षों में मान्यता संस्था को खान-पान (केटरिंग) सामग्री प्रदाय का अनुभव/कार्यादेश प्रमाण पत्र |
| 06 | पिछले 3 वित्त वर्षो (2015-16, 2014-15, 2013-14) में किन्ही दो वर्षो में टर्न ओव्हर 20=00 लाख का प्रमाण पत्र किसी चार्टेड एकाउन्टेन्ट से सत्यापित |
| 07 | इनकम टैक्स असेसमेन्ट वर्ष 2016-17, 2015-16, 2014-15 का आयकर रिटर्न संलग्न हैं। |
| 08 | वैध एस0टी0 (TIN) नंबर की छाया प्रति |
| 09 | आयकर नम्बर की छाया प्रति |
| 10 | फर्म का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (नगर निगम का) की छाया प्रति |
| 11 | सर्विस टैक्स पंजीयन प्रमाण पत्र की छाया प्रति |

## प्रपत्र ए–1
## (निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– खान–पान व्यवस्था (केटरिंग) हेतु निविदा वर्ष 2016–17 बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है:–

| सं0 क्र0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेन्डलाईन) | |

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3" "4" में दर्शित शर्तों के अनुसार खान–पान व्यवस्था (केटरिंग) हेतु निविदा वर्ष–2016–17 का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

**शपथ पत्र**
रू. 100/- के स्टाम्प पेपर पर
नोटरी से सत्यापित

मैं-----------------------------------द्वारा प्रोपराईटर मेसर्स-----------------------------------

निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:-

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था / उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(2) यह कि फर्म की निविदा में दी गई साम्रगी प्रदाय के सम्बन्धी में कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लम्बित नहीं हैं।

(3) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं हैं।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
## प्रपत्र ए–2
## वित्तीय निविदा

| क्र. | | खाद्य सामग्री का विवरण | दर रुपये प्रति व्यक्ति अंकों में | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 50 तक | 100 तक | 100 से अधिक |
| 1 | | चाय 150 एम.एल. | | | |
| 2 | | काफी 150 एम.एल. | | | |
| 3 | | बिस्कुट (मीठा / नमकीन ) (50 ग्राम कोई एक) | | | |
| 4 | | ब्रेकफास्ट (बफे) | | | |
| | 1 | समोसा / कचौड़ी / आलूबड़ा / पेटीस / ब्रेड पकौड़ा – (75ग्राम) कोई एक | | | |
| | 2 | ढोकला / पोहा / भजिया / दाल के मंगोड़े / वेज सेण्डविच – (100ग्राम) कोई एक | | | |
| | 3 | जलेबी / बालूशाही / लड्डू बूंदी – (50ग्राम) कोई एक | | | |
| | 4 | केला (01नग) | | | |
| | 5 | पेकड वाटर (आई.एस.आई.) 250 एम.एल. बॉटल (01 नग) | | | |
| | | टीप– उपरोक्त आयटम की संख्या आवश्यकतानुसार होगी। | | | |
| 5 | | ब्रेकफास्ट (पैक्ड) | | | |
| | 1 | समोसा / कचौड़ी / आलूबड़ा / पेटीस / ब्रेड पकौड़ा – (75ग्राम) कोई एक | | | |
| | 2 | ढोकला / पोहा / भजिया / दाल के मंगोड़े / वेज सेन्डविच – (100ग्राम) कोई एक | | | |
| | 3 | जलेबी / बालूशाही / लड्डू बूंदी – (50ग्राम) कोई एक | | | |
| | 4 | केला (01नग) | | | |
| | 5 | पेकड वाटर (आई.एस.आई.) 250 एम.एल. बॉटल (01 नग) | | | |
| 6 | | लंच / डिनर (बफे) | | | |
| | 1 | रोटी (तवा / तन्दूरी) – (50ग्राम प्रत्येक) कोई एक | | | |
| | 2 | पूड़ी (सादा / नमकीन) – (25 प्रत्येक ग्राम) कोई एक | | | |
| | 3 | चावल (सादा / पुलाव) – (100 ग्राम) कोई एक | | | |
| | 4 | सलाद (कम से कम 4 आयटम) | | | |
| | 5 | अचार (15 ग्राम) | | | |
| | 6 | पापड़ (01 नग) | | | |
| | 7 | रायता / दही बड़ा – (100 एम.एल.) कोई एक | | | |
| | 8 | पनीर (मटर पनीर / पालक पनीर / पनीर बटर मसाला) 100 ग्राम कोई एक | | | |
| | 9 | मिक्स वेज / सीजनल वेज – (100 ग्राम) कोई एक | | | |
| | 10 | दाल फ्राई / दाल मखनी – (100 ग्राम) कोई एक | | | |
| | 11 | गुलाब जामुन / रसगुल्ला / गाजर का हलवा / मूंग का हलवा (100 ग्राम) कोई एक | | | |
| | 12 | पेकड वाटर (आई.एस.आई.) 250 एम.एल. बॉटल (01 नग) | | | |
| | | टीप– उपरोक्त आयटम की संख्या आवश्यकतानुसार होगी। | | | |
| 7 | | लंच / डिनर (पैक्ड) | | | |
| | 1 | रोटी तवा (02 नग) – (50ग्राम प्रत्येक) कोई एक | | | |
| | 2 | पूड़ी (सादा / नमकीन) (04 नग) – (25 प्रत्येक ग्राम) कोई एक | | | |
| | 3 | चावल (सादा / पुलाव) – (100 ग्राम) कोई एक | | | |
| | 4 | सलाद (कम से कम 4 आयटम) | | | |
| | 5 | अचार (15 ग्राम) | | | |
| | 6 | पापड़ (01 नग) | | | |
| | 7 | रायता / दही बड़ा – (100 एम.एल.) कोई एक | | | |
| | 8 | पनीर (मटर पनीर / पालक पनीर / पनीर बटर मसाला) (100 ग्राम) कोई एक | | | |
| | 9 | मिक्स वेज / सीजनल वेज – (100 ग्राम) कोई एक | | | |
| | 10 | दाल फ्राई / दाल मखनी – (100 ग्राम) कोई एक | | | |
| | 11 | गुलाब जामुन / रसगुल्ला / गाजर का हलवा / मूंग का हलवा (100 ग्राम) कोई एक | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | लंच बफे/डिनर हेतु अतिरिक्त सामग्री (विशेष आदेश पर) | | | |
| | 1 | सूप टॉमेटो / हॉट एण्ड सावर – (100 एम.एल.) कोई एक | | | |
| | 2 | मलाई कोफ्ता/हरियाली कोफ्ता/वेज कोफ्ता/कढ़ी पकोड़ा – (100 ग्राम) कोई एक | | | |
| | 3 | आईसक्रीम वनीला (100 एम.एल.) | | | |
| | 4 | पैक्ड कोल्डड्रिंक / मैंगो जूस – (200 एम.एल.) कोई एक | | | |
| | | उपरोक्त आयटम की संख्या आवश्यकतानुसार होगी। | | | |
| 9 | | सादा भोजन (खेल स्पर्धाएँ, राष्ट्रीय सेवा योजना, संगोष्ठि जैसे अवसरों के लिए) का विवरण | | | |
| | 1 | ब्रेक फास्ट – पोहा (100 ग्राम) अथवा सीकी ब्रेड (02 नग) चाय (150 एम.एल.) | | | |
| | 2 | लंच – तवा रोटी (50ग्राम), दाल (100 ग्राम), सूखी सब्जी (100ग्राम), मौसमी सलाद (कोई चार आयटम) चावल (100ग्राम) | | | |
| | 3 | दोपहर की चाय (150 एम.एल.) | | | |
| | 4 | डिनर–सादा पूड़ी (50ग्राम), एक रसेदार सब्जी (100ग्राम), मौसमी सलाद (कोई चार आयटम) | | | |
| | | टीप:– उपरोक्त आयटम की संख्या आवश्यकतानुसार होगी। | | | |

**नोट :– दर बगैर कर की अंकित की जाये। वेट एवं अन्य कर यदि लागू हो उसका विवरण अलग से देवें।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कर का नाम | | दर | |
| कर का नाम | | दर | |
| कर का नाम | | दर | |
| कर का नाम | | दर | |

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील